आकाशवाणी श्री विजयपुरम

25.09.2025 समय : 1850

- राजस्थान के बांसवाड़ा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परमाणु ऊर्जा परियोजना की आधारशिला रखी। वहीं उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में देश को आत्मनिर्भर बनाने का किया ऐलान।

- डिजीटल भुगतान को सुरक्षित बनाने के लिए दूर संचार विभाग और वित्तीय खुफिया इकाई के बीच ऐतिहासिक समझौता।

- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में मसाला उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए स्पाइस प्रवाह पहल के तहत सत्तर हजार पौधे रोपे गए।

- बिडनाबाद और बर्डलाइन क्षेत्र में बेहतर बिजली आपूर्ति के लिए सांसद बिष्णु पद रे ने प्रशासन से की अपील।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के बांसवाड़ा में एक दशमलव बाईस लाख करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। उन्होंने माही बांध के पास नापला में माही बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा परियोजना की आधारशिला रखी, जिसमें बियालीस हजार करोड़ रुपये का निवेश होगा और सात सौ मेगावाट की चार परमाणु ऊर्जा इकाइयाँ स्थापित की जाएंगी। प्रधानमंत्री ने सौर ऊर्जा, पेयजल, स्वास्थ्य सेवा और राष्ट्रीय राजमार्गों के क्षेत्र में कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया और तीन नई रेल सेवाओं को झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में नागरिकों से स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का आह्वान किया। इससे पहले प्रधानमंत्री ने ग्रेटर नोएडा में उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि वैश्विक अस्थिरता के बावजूद भारत की विकास दर आकर्षक बनी हुई है और देश आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

बाइट – पी एम– 25 से0

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने रक्षा क्षेत्र में प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि रूस की मदद से एके–दो सौ तीन राइफलों का निर्माण जल्द शुरू होगा। उन्होंने हाल ही में लागू जीएसटी सुधारों की भी सराहना की। इस प्रदर्शनी में दो हजार दो सौ से अधिक प्रदर्शक भाग ले रहे हैं और रूस इस बार का कंट्री पार्टनर है।

<><><><><><>

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अब लोग बाईस सितम्बर से लागू जीएसटी सुधारों का लाभ उठा सकते हैं। नए ढांचे के अंतर्गत जीएसटी परिषद ने पांच प्रतिशत, बारह प्रतिशत, अटठारह प्रतिशत, अटठाईस प्रतिशत की पूर्व की चार–स्तरीय संरचना को पांच प्रतिशत और अटठारह प्रतिशत की दो–स्तरीय संरचना में बदल दिया है। विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर कम होने से नागरिकों को काफी राहत मिल रही है।

<><><><><><>

भारत में साइबर सुरक्षा और वित्तीय धोखाधड़ी से लड़ाई को मजबूत करने के लिए दूरसंचार विभाग और वित्तीय खुफिया इकाई–भारत ने एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते का उद्देश्य वित्तीय धोखाधड़ी और साइबर अपराधों की पहचान और रोकथाम के लिए दोनों एजेंसियों के बीच सूचना साझाकरण और समन्वय को बढ़ाना है। इस साझेदारी से वास्तविक समय में डेटा साझाकरण होगा, जिससे धोखाधड़ी वाले मोबाइल नंबरों को जल्दी पहचाना जा सकेगा। इससे डिजिटल भुगतान की सुरक्षा बढ़ेगी और वित्तीय अपराधों को प्रभावी तरीके से रोका जा सकेगा।

<><><><><><>

कृषि विभाग ने आज जिरकाटांग के प्रोजेनी फार्म में सेवा पखवाड़ा के एक भाग के रूप में स्पाइस प्रवाह (एक पेड़ माँ के नाम) के तहत एक औपचारिक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। जिरकाटांग के प्रोजेनी फार्म में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य सचिव डॉ. चंद्रभूषण कुमार और कृषि विभाग के अन्य अधिकारियों ने सत्तर हजार पौधे रोपने के साथ छियालीस हेक्टेयर क्षेत्र में मसाला उत्पादन का लक्ष्य रखा है। यह अभियान अंडमान निकोबार द्वीप समूह को मसाला उत्पादन का प्रमुख केंद्र बना सकता है। मायाबंदर और डिगलीपुर में भी मसाला क्षेत्र के विस्तार के लिए दालचीनी और कालीमिर्च के पौधों का रोपण किया गया। इस कार्यक्रम में साठ प्रगतिशील किसान और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। स्पाइस प्रवाह पहल से द्वीपसमूह में मसालों की औषधीय गुणों का भी लाभ लिया जा सकता है, जैसे कि साबुन बनाने में दालचीनी और जायफल का उपयोग। इसके अलावा, विभाग शहद में मसालों को मिलाने की एक अभिनव पहल "मधु क्रांति" शुरू करने की योजना बना रहा है।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह के सांसद बिष्णु पद रे ने बिडनाबाद में नवनिर्मित विद्युत स्थल कार्यालय को मजबूत बनाने के लिए प्रशासन से तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया है। सांसद ने बताया कि नए कार्यालय में कर्मचारियों, पर्यवेक्षी अधिकारी और आवश्यक मशीनरी की कमी है, जिससे क्षेत्रवासियों को समस्या हो रही है। सांसद श्री रे ने सुझाव दिया कि बिडनाबाद कार्यालय में पर्याप्त कर्मचारियों और एक पर्यवेक्षी अधिकारी की व्यवस्था की जाए और इसके साथ ही शिकायतों का तत्काल समाधान करने के लिए आवश्यक मशीनरी और वाहन आवंटित किए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि बर्डलाइन और बिडनाबाद कार्यालयों के बीच अधिकार क्षेत्र का स्पष्ट विभाजन किया जाए, ताकि सेवा वितरण बेहतर हो सके।

<><><><><><>

राजधानी श्री विजयपुरम में भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की एक सौ नौवीं जयंती के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें कुल तीस रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने डॉ. उपाध्याय के जीवन और संघर्ष पर चर्चा की। प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी, सांसद बिष्णु पद रे और जिला परिषद उपाध्यक्ष बूमीनाथन ने इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। रक्तदान शिविर के समन्वयक वेंकट रमन्ना और आयोजन समिति के सदस्य के. परमशिवम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

<><><><><><>

कैम्पबेल बे में बी एस एन एल की सुविधाएं कल से शुरू हो चुकी है। हालाँकि अन्य निजी कम्पनी के नेटवर्क अभी सही नहीं हुए हैं। आम लोगों के लिए राहत की बात यह है कि बैंकों में ए टी एम सुविधाएं फिर से शुरु हो गई हैं।

<><><><><><>

पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग ने द्वीपसमूह में बत्तखों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए बड़े पैमाने पर बत्तख विकास योजना शुरू की है। सी.पी.डी.ओ से अब तक तेरह हजार बत्तखों के अंडे प्राप्त हुए हैं, जिनसे सात हजार बत्तखों के बच्चे तैयार हो चुके हैं और किसानों को वितरित किए गए हैं। इस पहल से बत्तख पालन क्षेत्र में महत्वपूर्ण बढ़ावा मिला है।

<><><><><><>